**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 296 लखनऊ, मंगलवार 11 जून 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

# मोदी ने योगी को दिया सबसे बड़ा ईनाम, अखिलेश के भी उड़े होश

एजेंसी।
सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि सभी कृषकों को हार्दिक बधाई! तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित! आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही श्पीएम किसान सम्मान निधिश की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। पीएम मोदी को शपथ लिए 20 घंटे हो चुके हैं और वो पूरे एक्शन में भी नजर आ रहे हैं। आज सुबह वो अपने दफ्तर साउथ ब्लॉक पहुंचे। फिर अपना कामकाज शुरू किया।



प्रधानमंत्री ने पहला काम किसानों के नाम किया। लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सबसे पहले जिस फाइल पर हस्ताक्षर किया, वह पीएम किसान निधि की 17 वीं किस्त जारी करने से संबंधित है। इस फैसले के तहत देश के 9 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ये रकम किसानों के अकाउंट में खटाखट पहुंचेगी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपनी सरकार के 125 दिन के विजन की फाइल पर भी काम करना शुरू कर दिया है। इसको लेकर यूपी के सीएम ने भी आभार जताया है।सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि सभी कृषकों को हार्दिक बधाई! तीसरे कार्यकाल के प्रथम दिवस का प्रथम निर्णय अन्नदाता किसान कल्याण को समर्पित! आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने आज कार्यभार ग्रहण करते ही श्पीएम किसान सम्मान निधिश की 17वीं किस्त जारी करने हेतु फाइल पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस निर्णय से लाभान्वित होने वाले 9.3 करोड़ अन्नदाता किसानों के बैंक खातों में लगभग ₹20,000 करोड़ की राशि हस्तांतरित होगी। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करते इस कल्याणकारी निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के सभी किसान भाइयों–बहनों की ओर से आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार! बता दें कि पीएम किसान सम्मान निधि से यूपी के काफी किसानों को लाभ मिलता है। वहीं इस योजना का काफी संख्या में लोग लाभ उठा रहे हैं। तहसील स्तर पर किसानों को इस योजना का लाभ देने के लिए

# शिवराज को कृषि, खट्टर के पास ऊर्जा, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय, मोदी 3.0 में जानें किसे क्या मिला

एजेंसीं
नई दिल्ली अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को राज्य मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को पावर मिनिस्ट्री दी गई है। उनके साथ श्रीपद नाईक राज्य मंत्री बनाया गया है। अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री भी खट्टर के पास रहेगी। इसमें उनके साथ तोखन साहू राज्य मंत्री के रूप में रहेंगे। शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ ले ली और कैबिनेट की पहली बैठक आज हुई। इसमें मोदी सरकार 3.0 के मंत्रालयों का ऐलान किया गया है। नितिन गडकरी को एक बार फिर से सड़क परिवहन मंत्री बरकरार रखा गया है। अजय टम्टा और



हर्ष मल्होत्रा को राज्य मंत्री बनाया गया है। मनोहर लाल खट्टर को पावर मिनिस्ट्री दी गई है। उनके साथ श्रीपद नाईक राज्य मंत्री बनाया गया है। अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्री भी खट्टर के पास रहेगी। इसमें उनके साथ तोखन साहू राज्य मंत्री के रूप में रहेंगे। शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें पंचायती राज मंत्रालय भी दिया गया है। सीआर पाटिल को जल शक्ति मंत्रालय दिया गया है। धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री बनाया गया है। अन्नपूर्णा देवी को वुमन एंड चाइल्ड डेवलमेंट, अश्विनी वैष्णव को रेल के अलावा सूचना प्रसारण मंत्री मिला है।

## एस जयशंक की मोदी कैबिनेट में हुई वापसी, अपनी प्रतिभा और मेहनत की बदौलत पिछली सरकार में बने थे विदेश मंत्री

एजेंसी।
नई दिल्ली मोदी सरकार में विदेश मंत्री रहे एस जयशंकर किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनकी बदौलत ही भारत ने तमाम देशों के बीच छिड़े युद्धों के राजनियक निपटारों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर का जन्म 9 फरवरी 1955 को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता कृष्णस्वामी सुब्रमण्यम एक नौकरशाह और माता सुलोचना सुब्रमण्यम एक शिक्षिका थीं। पिछली मोदी सरकार में विदेश मंत्री रहे एस जयशंकर आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उनकी बदौलत ही भारत ने विश्व के तमाम देशों के बीच छिड़े युद्धों के राजनियक निपटारों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉक्टर सुब्रमण्यम जयशंकर का जन्म 9 फरवरी 1955 को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता कृष्णास्वामी सुब्रमण्यम एक नौकरशाह और माता सुलोचना सुब्रमण्यम एक शिक्षिका थीं। जयशंकर का पालन पोषण एक



तमिल हिंदू परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा दिल्ली के एयर फोर्स स्कूल और बेंगलुरु मिलिट्री स्कूल से पूरी की । जिसके बाद जयशंकर ने सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली से रसायन विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में परास्नातक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में पीएचडी की उपाधि भी धारण की। प्रतिभा के धनी डॉक्टर जयशंकर सिर्फ 6 महीने की कड़ी मेहनत की बदौलत 1977 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए। अपने 38 साल के राजनयिक सफर में उन्होंने भारत और विदेश में विभिन्न पदों पर सेवायें दीं। इस दौरान वे सिंगापुर, चेक गणराज्य, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत भी रहे। उनके काम को देखते हुए 2019 में भारत सरकार ने उनको भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया। राजनीति में आने से पहले डॉक्टर जयशंकर 2014 से 2019 तक विदेश विभाग के कई महत्त्वपूर्ण पदों पर भी काम कर चुके हैं। जीवन में कभी भी प्रत्यक्ष राजनीति न करने वाले एस. जयशंकर को मोदी सरकार ने 2019 में अपनी द्वितीय पारी के दौरान कैबिनेट में शामिल किया। जहां से उनकी राजनीतिक यात्रा प्रारंभ हुई और वे देश के विदेश मंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर आसीन हुए। 5 जुलाई 2019 को बीजेपी ने उन्हें गुजरात से राज्यसभा भेजकर संसद का सदस्य बनाया।

## तीसरी बार, फुल रफ्तार– सुबह सम्मान निधि की किस्त जारी, अब पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर देने की आई बारी

नई दिल्ली बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करेगी। पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। मोदी 3.0 के शपथ ग्रहण के बाद से ही नई सरकार फुल एक्शन मोड में नजर आ रही है। पीएम मोदी की तरफ से आज सुबह अपना काम संभालने के साथ ही किसान सम्मान निधि को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। शाम होते होते मोदी सरकार ने अब पीएम आवास योजना को और एक्सटेंड करने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम अपनी नई कैबिनेट की पहली बैठक की है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करेगी। पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आवास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। 10 साल में 4.21 करोड़ घर बन चुके हैं। प्रधानमंत्री ने खुद इस बात की घोषणा बीजेपी के मेनिफेस्टो को रिलीज करते हुए कही थी। अधिकारियों ने कहा कि आज कैबिनेट की बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घर बनाने के लिए सहायता प्रदान करने का निर्णय



लिया गया है। पीएमएवाई के तहत निर्मित सभी घरों को केंद्र और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। वित्तीय वर्ष 2015–16 से, भारत सरकार बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित घरों के निर्माण में पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों की सहायता के लिए श्प्रधानमंत्री आवास योजनाश (पीएमएवाई) लागू कर रही है। पिछले एक दशक में, इस पहल के तहत कुल 4.21 करोड़ घर पूरे हो चुके हैं, जिससे देश भर के गरीब परिवारों को लाभ हुआ है। पीएमएवाई के तहत निर्मित घर न केवल आश्रय हैं, बल्कि घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ आते हैं।

## झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जंगल से हथियार और गोला–बारूद जब्त


सुरक्षा कर्मियों ने रेग्रदहातु और तुंबाहाका गांवों के जंगल से हथियार जब्त किए। उन्होंने बताया कि बरामद सामान में राइफल, रिवॉल्वर, मोर्टार और कारतूस शामिल हैं। शेखर ने बताया कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने जंगल से भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद किया है। पुलिस ने



सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर रविवार को सुरक्षा कर्मियों ने रेग्रदहातु और तुंबाहाका गांवों के जंगल से हथियार जब्त किए। उन्होंने बताया कि बरामद सामान में राइफल, रिवॉल्वर, मोर्टार और कारतूस शामिल हैं। शेखर ने बताया कि तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## फिरौती नहीं मिलने पर सात वर्षीय बच्चे की हत्या, दो मुजरिमों को फांसी की सजा सुनाई गई

फिरौती की रकम नहीं मिलने पर दोनों मुजरिमों ने बालक की बेरहमी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। शर्मा ने बताया कि विक्रांत और रितिक पर जुर्म साबित करने के लिए अदालत में 30 गवाह पेश किए गए थे।इंदौर में चार करोड़ रुपये की फिरौती नहीं मिलने पर सात साल के अगवा बच्चे की हत्या के जुर्म में जिला अदालत ने दो मुजरिमों को सोमवार को फांसी की सजा सुनाई। पीड़ित पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। पीड़ित पक्ष के वकील आशीष एस. शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि विशेष न्यायाधीश देवेंद्र प्रसाद मिश्रा ने सात वर्षीय हर्ष चौहान की हत्या के मामले में विक्रांत ठाकुर (25) और रितिक ठाकुर (23) को भारतीय दंड संहिता की धारा 364 (हत्या के लिए अपहरण),



धारा 302 (हत्या) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत दोषी करार दिया। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस हत्याकांड को विरल से भी विरलतम प्रकरण की श्रेणी में रखते हुए दोनों मुजरिमों को मृत्युदंड सुनाया। शर्मा ने बताया कि विक्रांत और रितिक ने पांच फरवरी 2023 को पिगडंबर क्षेत्र से हर्ष चौहान को आपराधिक षड्यंत्र के तहत अगवा किया था और बालक की सुरक्षित रिहाई के बदले उसके पिता जितेंद्र चौहान से चार करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। उन्होंने बताया कि फिरौती की रकम नहीं मिलने पर दोनों मुजरिमों ने बालक की बेरहमी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। शर्मा ने बताया कि विक्रांत और रितिक पर जुर्म साबित करने के लिए अदालत में 30 गवाह पेश किए गए थे। उन्होंने बताया कि हत्याकांड के शिकार बालक के पिता जितेंद्र चौहान कांग्रेस से जुड़े हैं और मुजरिमों में शामिल रितिक उनका रिश्तेदार है जिसकी वह अक्सर मदद भी करते थे।

## भाजपा कश्मीर विंग ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल का जश्न मनाया

नई दिल्ली स्थानीय कार्यकर्ताओं और भाजपा समर्थकों ने मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के जश्न के तौर पर श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय के बाहर रैली निकाली। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने श्रीनगर में अपने पार्टी मुख्यालय के बाहर पटाखे फोड़े। स्थानीय कार्यकर्ताओं और भाजपा समर्थकों ने मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के जश्न के तौर पर श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय के बाहर रैली निकाली। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने श्रीनगर में अपने पार्टी मुख्यालय के बाहर पटाखे फोड़े। मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर श्रीनगर शहर के जवाहर नगर इलाके में पार्टी मुख्यालय के बाहर



नाचता हुआ एक भाजपा समर्थक। मोदी के तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर श्रीनगर में पार्टी मुख्यालय में जश्न मनाने में भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।श्रीनगर में बीजेपी दफ्तर के बाहर भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता, नेता और समर्थक जश्न मनाने पहुंचे और मिठाइयां बांटीं. प्रभासाक्षी से बात करते हुए, पार्टी नेताओं और समर्थकों ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल पर खुशी और उत्साह व्यक्त किया। कार्यालय के बाहर भाजपा का झंडा थामे हुए एक भाजपा समर्थक ने कहा, ष्हमने मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के लिए अल्लाह से प्रार्थना की। पार्टी के एक नेता ने कहा ष्हम बहुत खुश हैं क्योंकि मोदी जी को एनडीए ने तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है।ष एक अन्य समर्थक ने कहा, चूंकि मोदी जी को देश के लोगों ने गरीबों और वंचितों के लिए उनके योगदान और पहल के लिए नियुक्त किया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के साथ ही सभी केंद्रीय मंत्रालय अपनी 100 दिवसीय योजना को शुरू करने के लिए तैयार हैं। नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। यह चुनाव में मिली हार के बाद दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में गठबंधन सरकार में नीतिगत निश्चितता सुनिश्चित करने की उनकी क्षमता का परीक्षण करेगा। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को नई दिल्ली दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में मोदी को पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में सात पड़ोसी देशों के नेताओं, बॉलीवुड सितारों और उद्योगपतियों सहित हजारों गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## उत्तर–पूर्वी दिल्ली में डीडीए फ्लैट में आग लगने से महिला की दम घुटने से मौत

दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, ''हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे। दिल्ली के वेलकम इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट में सोमवार को आग लगने से 40 वर्षीय महिला की दम घुटने से मौत हो



गयी। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दी।दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया, ''हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे। गर्ग ने बताया कि शाम पांच बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।गर्ग ने बताया कि एयर कंडीशनर और बिजली के मीटर में आग लग गई थी। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान एक महिला धुएं के कारण बेहोश पाई गई। अधिकारी ने बताया कि एक सीएटीएस एम्बुलेंस की नर्सिंग असिस्टेंट ने उसे मृत घोषित कर दिया। गर्ग ने बताया, पीड़ित की पहचान भावना के रूप में हुई है।

## सरकार नई, जोश वही, तीसरे कार्यकाल की पहली बैठक, अब मंत्रियों के पोर्टफोलियो की बारी

एजेंसी।
नई दिल्ली कैबिनेट की मीटिंग में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 2 करोड़ लोगों को घर देने की बात है उस पर संस्तुति होगी। इसके साथ ही संसद का एक सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। नए स्पीकर का चुनाव होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को संयुक्त संबोधन होगा।
नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में लगातार तीसरी बार भारत के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को शपथ दिलाई। नई दिल्ली दिल्ली में भव्य शपथ ग्रहण समारोह में विश्व नेताओं, व्यापार, मनोरंजन उद्योग के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। नवगठित एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग पर चल रही है। नए शामिल किए गए मंत्रियों को विभागों का वितरण भी किया जाना है।




कैबिनेट की मीटिंग में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 2 करोड़ लोगों को घर देने की बात है उस पर संस्तुति होगी। इसके साथ ही संसद का एक सत्र बुलाया जाएगा। जिसमें 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। नए स्पीकर का चुनाव होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को संयुक्त संबोधन होगा।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ,मंगलवार 11 जून 2024
sheelshukla100@gmail.com


# अब मालदीव में चीन आउट होने वाला है, मोदी और मुइज्जू ने कैसे जिनपिंग को चौंकाया



विदेश नीति में कई बार तस्वीरों से ही संदेश पहुंचा दिया जाता है। मोदी और मुइज्जू की साथ वाली तस्वीर भी कुछ ऐसी ही है। कल शपथ ग्रहण के बाद सात देशों के विदेशी मेहमानों के लिए डिनर का आयोजन किया गया था। पीएम मोदी अपनी बेहतरीन विदेश नीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण के ही दिन चीन को ऐसा झटका दिया है कि जिनपिंग को ये हजम नहीं हो रहा है। ये संदेश मालदीव के जरिए भेजा गया है जिसे अभी तक चीन लगातार भड़काता आया है। मोदी 3.0 के शपथ ग्रहण समारोह में 7 देशों के नेताओं ने शिरकत की जिसमें मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु भी शामिल थे। शपथ ग्रहण के बाद नेताओं की मुलाकात भी हुई और साथ में डिनर भी किया। खास बात ये है कि शपथ ग्रहण के बाद जब पीएम मोदी के साथ सात देशों के लीडर शामिल हुए तो उसमें पीएम मोदी की साथ वाली कुर्सी पर मुइज्जू ही बैठे थे। भारत विरोधी बयान देने वाले मुइज्जू का ये बदलाव देखकर चीन जरूर परेशान हो रहा होगा। विदेश नीति में कई बार तस्वीरों से ही संदेश पहुंचा दिया जाता है। मोदी और मुइज्जू की साथ वाली तस्वीर भी कुछ ऐसी ही है। कल शपथ ग्रहण के बाद सात देशों के विदेशी मेहमानों के लिए डिनर का आयोजन किया गया था। मुइज्जू जिन्होंने भारत के खिलाफ अपने तल्ख तेवर लगातार दिखाए थे। काफी तीखे बयान दिए थे, जिसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू को शपथ ग्रहण में बुलाया बल्कि डिनर टेबल में अपने बगल में बिठाया। इस तस्वीर को देखकर जिनपिंग को मिर्ची जरूर लग रही होगी। देश मंत्रालय ने कहा कि सात देशों के नेताओं को भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को दी गई सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आमंत्रित किया गया। इसने कहा कि भारत, 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) की व्यापक नीति रूपरेखा के अंतर्गत हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ सहयोग कर रहा है। क्षेत्रीय समूह दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) देशों के नेताओं ने मोदी के पहले शपथग्रहण समारोह में भाग लिया था, जब 2014 में उन्होंने भाजपा की शानदार चुनावी जीत के बाद प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था।

# इधर पीएम मोदी ने ली शपथ, उधर कश्मीर पर चीन ने कर दिया बड़ा ऐलान



चीन अब पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को ज्ञान दे रहा है। दोनों देशों ने भारत के कश्मीर और अनुच्छेद 370 को लेकर संयुक्त बयान जारी किया। कश्मीर में मोदी सरकार के एक्शन से चीन और पाकिस्तान कांप उठे हैं। कश्मीर से 370 हटने के बाद चीन और पाकिस्तान मिलकर बयान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ क्या ली। चीन और पाकिस्तान में जबरदस्त अफरा तफरा मची है। भारत के जम्मू कश्मीर में सफल चुनाव कराने के बाद पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से चीन और पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। लेकिन भारत के 370 को हटाए जाने के फैसले को लेकर पाकिस्तान अब चीन से मदद मांग रहा है। वो चीन जो दूसरों की जमीन प कब्जा करता है और उन पर एकाधिकार जमाने की कोशिश करता है। वो चीन अब पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को ज्ञान दे रहा है। दोनों देशों ने भारत के कश्मीर और अनुच्छेद 370 को लेकर संयुक्त बयान जारी किया। कश्मीर में मोदी सरकार के एक्शन से चीन और पाकिस्तान कांप उठे हैं। कश्मीर से 370 हटने के बाद चीन और पाकिस्तान मिलकर बयान दे रहे हैं। शहबाज शरीफ चीन के दौरे पर पहुंचर फिर से कश्मीर का राग अलापा है। पाकिस्तान की तरफ से एक संयुक्त बयान जारी हो गया। दोनों की तरफ से कहा गया कि भारत ने जो किया वो एक तरफा कार्यवाही है। चीन और पाकिस्तान ने दक्षिण एशिया में कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। दोनों पक्ष दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व, सभी लंबित विवादों के समाधान की आवश्यकता तथा किसी भी एकतरफा कार्रवाई के विरोध को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया, पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू कश्मीर की स्थिति के नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया। चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू कश्मीर विवाद इतिहास से उपजा है और इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार उचित और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। चीन की यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ बड़े अकड़ दिखा रहे थे। ये दिखाने की कोशिश कर रहे थे कि चीन मानों उनकी जेब में है।

लेकिन ये तो उल्टा है। पाकिस्तान उल्टा चीन की जेब में है। वो जम्मू कश्मीर का राग अलापते हुए बड़ा ज्ञान बिखेरते नजर आए।

# आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा, जम्मू हमले पर भड़का भारत का दोस्त इजरायल


इजरायल पहला देश है जिसने इस घटना की निंदा की है। भारत में इजरायली राजदूत ने कहा है कि हम भारत के साथ खड़े हैं। आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा। हम भारतीय लोगों के साथ हैं और इस घटना के बाद हमें गहरा सदमा लगा है। जम्मू कश्मीर में जिस बात का डर था वही हुआ। आतंकियों ने सिर उठाना शुरू कर दिया है। हैरानी की बात देखिए कि जिस दिन चुनावों के नतीजे आए कश्मीर में उसी दिन एक प्राचीन शिव मंदिर में आग लगने की खबर सामने आई। वहीं जिस दिन पीएम मोदी ने शपथ ली उसी दिन जम्मू कश्मीर के रियाशी में आतंकवादियों ने घात लगाकर तीर्थयात्रियों की बस पर अटैक कर दिया। इस बस में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के तीर्थ यात्री थे। 10 की मौत हो गई और 32 घायल है। ये हमला सीधे सीधे भारत को चुनौती है। सर्जिकल स्ट्राइक की मांग उठ रही है और अब तो इजरायल ने भी इस हमले पर बयान दे दिया है।



इजरायल पहला देश है जिसने इस घटना की निंदा की है। भारत में इजरायली राजदूत ने कहा है कि हम भारत के साथ खड़े हैं। आतंकवाद को जड़ से मिटाना होगा। हम भारतीय लोगों के साथ हैं और इस घटना के बाद हमें गहरा सदमा लगा है। इजरायल का बयान ऐसे समय में आया है जब सोशल मीडिया पर ऑल आइज ऑन रियाशी ट्रेंड कर रहा है। भारत के लोग पूछ रहे हैं कि जो सेलिब्रिटी पैसा लेकर इजरायल के खिलाफ ऑल आईज ऑन राफा चला रहे थे। वो अब रियाशी को देखकर चुप क्यों हैं? वहीं कई लोगों का कहना है कि उन्हें सर्जिकल स्ट्राइक से कम कुछ और नहीं चाहिए। अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि आतंकियों को ढूंढ़कर निकाला जाएगा और किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि उपराज्यपाल और जम्मू–कश्मीर के डीजीपी से बात की और घटना की जानकारी ली। इस कायराना हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कानून की मार झेलनी पड़ेगी। स्थानीय प्रशासन तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। ईश्वर मृतकों के प्रियजनों को यह दुख सहने की शक्ति दे। पीएम मोदी भी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। भारतीय सेना एक्शन में आ गई है। ड्रोन और हेलीकॉप्टर उतार दिए गए हैं।

# व्हाइट हाउस के सामने 30 हजार फिलिस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, कहा– गाजा में मरे बच्चों की चीख इन्हें डराएगी

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारियों को व्हाइट हाउस के गेट के बाहर आग लगाते और फिर धुआं फेंकते हुए दिखाया गया है। कुछ लोगों ने व्हाइट हाउस के लॉन में फ्लेयर बम भी फेंके। फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन व्हाइट हाउस के बाहर हुआ, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने इजराइल–गाजा युद्ध को समाप्त करने की मांग की और यहूदी राष्ट्र के लिए जो बिडेन के नेतृत्व वाले प्रशासन के समर्थन की आलोचना की। सप्ताहांत के विरोध प्रदर्शन के हिस्से के रूप में शनिवार को दोपहर के आसपास लगभग 30,000 प्रदर्शनकारी बंद कार्यकारी हवेली के बाहर पहुंचने लगे, जिसके लिए व्हाइट हाउस के बाहर सुरक्षा उपाय मजबूत किए गए हैं। प्रदर्शन के कई दृश्य सोशल मीडिया पर छा गए। इनमें ज्यादातर प्रदर्शनकारी लाल पोशाक पहने हुए थे। उनकी हाथों में तख्तियां थे जिन



पर शगाजा पर घेराबंदी अभी समाप्त करेंश, शफिलिस्तीन को स्वतंत्र करेंश और शइजरायल को अमेरिकी सैन्य फंडिंग बंद करें जैसे संदेश लिखे नजर आए। कुछ प्रदर्शनकारी व्हाइट हाउस के चारों ओर दो मील लंबे बैनर लपेटे हुए एक पंक्ति में खड़े थे। सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में कुछ प्रदर्शनकारियों को व्हाइट हाउस के गेट के बाहर आग लगाते और फिर धुआं फेंकते हुए दिखाया गया है। कुछ लोगों ने व्हाइट हाउस के लॉन में फ्लेयर बम भी फेंके। वाशिंगटन डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग और सीक्रेट सर्विस ने वाशिंगटन एग्जामिनर को बताया कि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। हालाँकि, प्रदर्शन के कारण सड़कें बंद हो गईं, विशेषकर वह मार्ग जो सीधे व्हाइट हाउस की ओर जाता है। विरोध तब हुआ जब जो बिडेन और उनकी पत्नी और प्रथम महिला जिल बिडेन निवास में नहीं थे क्योंकि वे डी–डे मनाने की यात्रा पर फ्रांस में थे। अमेरिका महीनों से फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों से त्रस्त है, जिसमें विश्वविद्यालय आंदोलन भी शामिल है, जिसमें प्रदर्शनकारियों ने आइवी लीग स्कूलों के परिसरों में डेरा डाला और बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियाँ कीं।

# इमरान खान पाकिस्तान की राजनीतिक सुलह में मुख्य बाधा हैं–नवाज शरीफ

नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। बताया गया कि नवाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) किसी भी पार्टी से बदला नहीं लेने की भावना के साथ देश में राजनीतिक सुलह के लिए प्रतिबद्ध है। इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि नवाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज (पीएमएल–एन) किसी भी पार्टी से बदला नहीं लेने की भावना के साथ देश में राजनीतिक सुलह के लिए प्रतिबद्ध है।



नवाज शरीफ ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। उन्होंने बातचीत की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया क्योंकि पीटीआई इसे सुलझाने के लिए ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है। नवाज शरीफ ने पार्टी के सांसदों से कहा, जब कोई पक्ष गंभीर ही नहीं है तो वह बातचीत कैसे कर सकते हैं? उन्होंने पिछली कई घटनाओं का उदाहरण दिया जब खान ने पीएमएल–एन के साथ संबंधों को सुधारने वाले प्रस्तावों को ठुकरा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, मैं खुद बानी गाला (इमरान खान का घर) गया था। हमारी ईमानदारी को हमारी कमजोरी माना जाता है। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद बातचीत के महत्व का उल्लेख करते हुए नवाज ने दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ अपनी मुलाकात का उदाहरण दिया। पीएमएल–एन अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि वह राजनीतिक प्रतिशोध में विश्वास नहीं रखते इसलिए उन्होंने और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने चार्टर ऑफ डेमोक्रेसी पर हस्ताक्षर किया था। शरीफ ने कहा कि उनका किसी के खिलाफ कोई राजनीतिक प्रतिशोध या दुश्मनी नहीं है, यहां तक घ्घकि उन लोगों के खिलाफ भी नहीं जिन्होंने अतीत में उन्हें सत्ता से बाहर रखने का प्रयास किया था।

# इरान ने राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए छह उम्मीदवारों को मंजूरी दी, अहमदीनेजाद को फिर रोका

ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने देश के कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है। हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। दुबई । ईरान की संरक्षक परिषद (गार्जियन काउंसिल) ने रविवार को देश के कट्टरपंथी संसद अध्यक्ष और पांच अन्य को देश में 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की मंजूरी दे दी। यह चुनाव एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद हो रहा है। हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम



रईसी और सात अन्य लोग मारे गए थे। परिषद ने पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद को एक बार फिर चुनाव लड़ने से रोक दिया है, जो एक चरमपंथी लोकप्रिय नेता हैं तथा 2009 में अपने विवादित पुनर्निर्वाचन के बाद की गई दमनात्मक कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। परिषद का यह निर्णय रईसी की जगह लेने के लिए दो सप्ताह के संक्षिप्त अभियान की शुरुआत है। रईसी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के कट्टरपंथी समर्थक थे जिन्हें कभी 85 वर्षीय धर्मगुरु के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में पेश किया गया था। संरक्षक परिषद मौलवियों और न्यायविदों का एक समूह है जिसकी कमान खामनेई के हाथों में है। परिषद द्वारा अनुमोदित उम्मीदवारों के चयन से लगता है, ईरान के शिया धर्मतंत्र को उम्मीद है कि हाल ही में हुए चुनावों में रिकॉर्ड कम मतदान तथा देश के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम और इजरायल–हमास युद्ध के कारण अब भी कायम तनाव को देखते हुए चुनाव आसानी से हो जाएंगे। परिषद ने किसी महिला या देश के शासन में आमूलचूल परिवर्तन की मांग करने वाले किसी भी व्यक्ति को स्वीकार न करने का अपना पूर्व का रुख बरकरार रखा है।

# मोदी के तीसरी बार शपथ लेने से पहले ही बदल गए पाकिस्तान के सुर, कहा– भारत से राजनायिक संबंधों को सुधार करने का यह सही समय

पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) सरकार के पूर्व सूचना मंत्री ने कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा भारत के साथ दोस्ती करने के पक्ष में थे।लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल को समर्थन देकर सुर्खियां बटोरने वाले पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बाद अब भारत के साथ दोस्ती की बातचीत का आह्वान किया है। एनडीए) की जीत हुई और नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरे भारतीय प्रधान मंत्री बनने के लिए तैयार हैं। मोदी के नई दिल्ली दिल्ली में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने से एक दिन पहले चौधरी ने कहा कि कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच समान आधार पर दोस्ती का समय आ गया है। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) सरकार के पूर्व सूचना मंत्री ने कहा कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा भारत के साथ दोस्ती करने के पक्ष में थे। 2023 में पीटीआई छोड़ने वाले 48 वर्षीय व्यक्ति इस्लामाबाद में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एजुकेशन द्वारा आयोजित शभारतीय चुनाव और दक्षिण एशिया पर इसके प्रभावश नामक सेमिनार में बोल रहे थे। यह इंगित करते हुए कि भारतीय पंजाब यहां से कुछ ही किलोमीटर दूर है, लेकिन पाकिस्तानियों को वहां जाने के लिए दुबई से उड़ान भरनी पड़ती है। चौधरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच कोई वीजा नहीं होना चाहिए। अब समय आ गया है कि दोनों प्रतिद्वंदियों को समान आधार पर मित्रता की बात करनी होगी। चौधरी ने चेतावनी दी कि भारत और पाकिस्तान को अगले 15 वर्षों में सिंधु बेसिन में बड़ी जल चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, इसलिए, उन्हें एक–दूसरे से बात करनी होगी और कहा, "पानी के मामले पर सहयोग पूरा करने में विफलता के परिणामस्वरूप क्षेत्र खराब हो सकता है।" अस्थिर।" हालाँकि, पाकिस्तानी नेता ने यह भी टिप्पणी की कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# जारी राजनीतिक ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद की लहर के बीच संसद के मतदान का आज आखिरी दिन

दुनिया के लिए बेहद अहम माना जा रहे यूरोपीय संसद के मतदान का आज आखिरी दिन है। मतदान के दौरान हिंसक घटनाएं भी हुईं और एक हमले में डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन भी चोटिल हुए हैं। 27 सदस्य देशों वाली यूरोपीय संसद के लिए 10वीं बार चुनाव हो रहे हैं।यूरोप में राजनीतिक ध्रुवीकरण और राष्ट्रवाद की लहर देखी जा रही है। ऐसे में दुनिया के लिए बेहद अहम माना जा रहे यूरोपीय संसद के मतदान का आज आखिरी दिन है। मतदान के दौरान हिंसक घटनाएं भी हुईं और एक हमले में डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन भी चोटिल हुए हैं। 27 सदस्य देशों वाली यूरोपीय संसद के लिए 10वीं बार चुनाव हो रहे हैं। पहले यूरोपीय संसद के पास सिर्फ सुझाव देने का ही अधिकार था, लेकिन अब इसकी शक्तियां बढ़ गई हैं और अब यूरोपीय संसद सदस्य देशों की सरकारों के साथ मिलकर कानून भी बना सकती है। यूरोपीय संसद में एक सदस्य देश के सांसदों की संख्या कितनी होगी, ये उस देश की जनसंख्या पर निर्भर करता है। साल 2020 में ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर निकलने के बाद यूरोपीय संसद के सदस्यों की संख्या 751 से घटकर 705 रह गई है। संसद के चुनाव में यूक्रेन युद्ध सबसे बड़ा मुद्दा है और यूरोपीय देशों की सुरक्षा को लेकर चिंता उभरी है। यूरोपीय संसद के चुनाव में 18 साल से कम उम्र के लोगों को भी वोट देने का अधिकार होता है। कई यूरोपीय देशों में वोट देने की न्यूनतम उम्र 16 साल है तो कई देशों में यह 17 साल है। चुनाव के दौरान अर्थव्यवस्था, नौकरियां, गरीबी और सार्वजनिक स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे भी हावी रहे हैं। यूरोपीय देशों के लोग अब राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मुखर हैं।

# पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया



पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलीम मलिक ने इमाद वसीम पर भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में जानबूझकर गेंदें बर्बाद करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की टीम न्यूयॉर्क में रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। इस बीच उसने 59 गेंद पर कोई रन नहीं बनाया। भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वसीम ने 23 गेंद पर 15 रन बनाए। मलिक ने कहा,''आप उसकी (वसीम) पारी पर गौर करो तो ऐसा लगता है कि वह रन बनाने के बजाय गेंदें बर्बाद कर रहा है और लक्ष्य का पीछा करते हुए चीजों को मुश्किल बना रहा है।''एक अन्य पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को लगता है कि पाकिस्तान की टीम में सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है तथा कुछ खिलाड़ियों को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। अफरीदी ने कहा,'' एक कप्तान सभी को साथ लेकर चलता है। वह या तो टीम को बर्बाद करता है या उसको अच्छा बना देता है। विश्व कप को समाप्त होने दो इसके बाद में खुलकर बात करूंगा।'' उन्होंने कहा,''शाहीन (अफरीदी) के साथ मेरा ऐसा रिश्ता है कि अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा, तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। '' अफरीदी की बेटी की शादी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन के साथ हुई है जिन्हें विश्व कप से ठीक पहले कप्तान पद से हटा दिया गया था। उनके कप्तान रहते हुए पाकिस्तान ने केवल न्यूजीलैंड के खिलाफ एक श्रृंखला खेली। पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुआई वाली टीम सुपर आठ चरण में पहुंचने की हकदार नहीं है। अख्तर ने एक्स पर जारी एक वीडियो में कहा,''निराश और आहत होने पर पोस्ट करना स्वाभाविक है। पूरा देश निराश और हताश है। मनोबल गिरा हुआ है। किसी तरह आपको जीतने का इरादा दिखाना होगा। क्या पाकिस्तान सुपर आठ में जगह नहीं बन पाने का हकदार है? खुदा जाने।'' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम में आत्मविश्वास की कमी दिखी। उन्होंने कहा,''कभी–कभी खराब पिच पर बहुत अच्छे मैच देखने को मिल जाते हैं। यह उनमें से एक मैच था। बहुत सरल सी बात है, पाकिस्तान को विश्वास ही नहीं था कि वह जीत सकता है।

# पाकिस्तान 15 ओवर के बाद रणनीति से भटक गया, खिलाड़ी दबाव में आ गए



अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई।न्यूयॉर्क। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए। अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई। कर्स्टन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' मेरा मानना है कि इस तरह की पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मैं आपसे सहमत हूं कि कभी इस तरह के मैच को देखना मजेदार होता है जिसमें केवल बाउंड्री ही मायने नहीं रखती।'' उन्होंने कहा,'''लेकिन आपको 120 गेंद का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करना होता है। हमने पहले 15 ओवर तक ऐसा किया लेकिन उसके बाद अपनी रणनीति से भटक गए। हमने बहुत अधिक विकेट गंवा दिए।'' कर्स्टन ने कहा,''बल्लेबाजी इकाई के रूप में आपको बहुत अधिक विकेट गंवाने से बचना चाहिए लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। जब इस तरह का मौका आता है तो खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।'' पाकिस्तान के बल्लेबाज 59 गेंद पर रन नहीं बना पाए। उसे भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए अब आगे के मैच करो या मरो जैसे बन गए हैं। भारत की 2011 की वनडे विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे कर्स्टन ने कहा,''यह सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। ''कर्स्टन ने हालांकि अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। उन्होंने कहा, ''अगर आप 10 से 20 ओवर के बीच के रिकॉर्ड पर गौर करो तो हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे पास बहुत अच्छे तेज गेंदबाज हैं और इमाद वसीम ने भी आज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। हमारे पास काफी अच्छे विकल्प हैं और अगर हम इसी तरह से गेंदबाजी करते रहे तो हमारे खिलाफ बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा।

# पंत और गेंदबाजों ने भारत को पाकिस्तान पर छह रन की जीत दिलाई

हार्दिक पंड्या (07) ने राउफ पर अपना पहला चौका लगाया लेकिन एक गेंद बाद बाउंड्री पर इफ्तिखार अहमद को कैच दे बैठे। जसप्रीत बुमराह (00) भी अगली गेंद पर इमाद के हाथों लपके गए। अर्शदीप सिंह (09) के रन आउट होने से भारत की पारी का अंत हुआ। ऋषभ पंत की जुझारू पारी के बाद जसप्रीत बुमराह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के वर्षा से प्रभावित कम स्कोर वाले मैच में रविवार को यहां जोरदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को छह रन से हराया। भारत के मात्र 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम जसप्रीत बुमराह (14 रन पर तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (24 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। अक्षर पटेल (11 रन पर एक विकेट) और अर्शदीप सिंह (31 रन पर एक विकेट) ने एक–एक विकेट चटकाया। मोहम्मद सिराज ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिए लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद रिजवान (31) शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा हालांकि कोई बल्लेबाज 15 रन के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम एक समय 14 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद गेंदबाजों ने वापसी करते हुए भारत को जीत दिला दी।भारत इससे पहले नसीम शाह (21 रन पर तीन विकेट) और हारिस राउफ (21 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गया। मोहम्मद आमिर ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि शाहीन शाह अफरीदी (29 रन पर एक विकेट) ने एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से पंत ने 31 गेंद में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 42 रन बनाए। उनके अलावा अक्षर पटेल (20) और कप्तान रोहित शर्मा (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। भारत ने अंतिम सात विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए।लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत की और पावर प्ले में एक विकेट पर 35 रन बनाए। कप्तान बाबर आजम ने सिराज पर पारी का पहला चौका जड़ा। मोहम्मद रिजवान सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब जसप्रीत बुमराह की गेंद पर शिवम दुबे ने फाइन लेग पर उनका बेहद आसान कैच टपका दिया। मोहम्मद सिराज ने भी अगले ओवर में अपनी ही गेंद पर बाबर का कैच टपकाया। बाबर (13) ने बुमराह पर चौका मारा लेकिन अगली गेंद पर स्लिप में सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। रिजवान ने हार्दिक पंड्या पर पारी का पहला छक्का जड़ा। उस्मान खान (13) भाग्यशाली रहे जब पंड्या ने अपनी ही गेंद पर उन्हें रन आउट करने का मौका गंवा दिया। अक्षर ने अपनी पहली ही गेंद पर उस्मान को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। फखर जमां (13) ने आते ही अक्षर पर छक्के के साथ अपने तेवर दिखाए और फिर अर्शदीप पर चौका भी मारा। पंड्या ने फखर को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराके भारत को तीसरी सफलता दिलाई।बुमराह ने इसके बाद गेंदबाजी में वापसी करते हुए रिजवान को पहली ही गेंद पर बोल्ड किया। उन्होंने 44 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और एक छक्का मारा। पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 37 रन की दरकार थी। अक्षर ने 16वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए जबकि पंड्या के अगले ओवर में शादाब खान (04) गेंद को हवा में लहराकर पंत को आसान कैच दे बैठे। इस ओवर में भी सिर्फ पांच रन बने। सिराज के 18वें ओवर में नौ रन बने जिससे पाकिस्तान को अंतिम दो ओवर में 21 रन की जरूरत थी। पाकिस्तान के रनों का शतक 19वें ओवर में पूरा हुआ।बुमराह ने इफ्तिखार (05) को अर्शदीप के हाथों कैच कराया और ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। अर्शदीप को अंतिम ओवर में पाकिस्तान को 18 रन बनाने से रोकना था। उन्होंने पहली ही गेंद पर इमाद (15) को पंत के हाथों कैच कराया। नसीम शाह (नाबाद 10) ने लगातार दो चौके मारे लेकिन पाकिस्तान को जीत नहीं दिला सके। इससे पहले बारिश के कारण मैच 50 मिनट के विलंब से शुरू हुआ। बाबर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रोहित ने शाहीन के पहले ही ओवर में छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद फिर बारिश आ गई और आधे घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा। मैच दोबारा शुरू होने पर विराट कोहली (04) ने नसीम पर चौके से खाता खोला लेकिन एक गेंद बाद कवर प्वाइंट पर उस्मान खान को कैच दे बैठे। शाहीन के अगले ओवर में रोहित (13) ने भी डीप स्क्वायर लेग पर राउफ को कैच थमाया। अक्षर ने शाहीन की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा। पंत ने आमिर की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए लेकिन अगली गेंद पर उस्मान ने उनका मुश्किल कैच टपका दिया। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 50 रन बनाए।



# रोहित शर्मा ने विराट कोहली को छोड़ा पीछे, बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बनें



रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वहीं रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेला गया। जिसे भारत ने रोमाचंक तरीके से 6 विकेट से जीत लिया। इस मैच मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है, जिसके बाद उन्होंने विराट कोहली को पछाड़ दिया है। दरअसल, रोहित शर्मा और विराट कोहली पाकिस्तान के खिलाफ इस मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गए। वहीं रोहित शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 12 गेंद में 13 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्होंने बतौर कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। बतौर भारतीय कप्तान आईसीसी टूर्नामेंट्स में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम है। एमएस धोनी ने 46 पारियों में 1037 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा पहुंच गए हैं। रोहित ने 19 पारियों में 778 रन बनाए हैं। जबकि विराट कोहली ने 17 पारियों में 778 रन बनाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली का भी बल्ला नहीं चला। कोहली महज 3 रन बनाकर नसीम शाह के शिकार बने। वहीं मुकाबले की बात करें, टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 19 ओवर में महज 119 रन बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली पाकिस्तान टीम की शुरुआत तो बेहतरीन रही, लेकिन पाक टीम टारगेट को हासिल नहीं कर पाई और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना पाई।

# त्वचा की देखभाल के लिए महिलायें चेहरे पर लगाती है बर्फ, जानिए इससे मिलने वाले लाभ



चेहरे पर बर्फ लगाना त्वचा की देखभाल करने का एक बढ़िया तरीका है, जिसे कई सालों से इस्तेमाल किया जाता आया है।इस भीषण गर्मी और पसीने के कारण त्वचा चिपचिपी और अस्वस्थ हो जाती है। ऐसे में चेहरे पर बर्फ का इस्तेमाल करना बेहद लाभदायक साबित हो सकता है।बर्फ लगाने से आपको ठंडक का एहसास होता है, जिससे मुंहासे भी ठीक किए जा सकते हैं।गर्मी में चेहरे पर बर्फ लगाने से आपको ये 5 मुख्य लाभ मिलेंगे।मुंहासों से

मिलता है छुटकारा

बर्फ में सूजनरोधी यानि एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। ये मुंहासों को कम करने और उन्हें जड़ से खत्म करने में मदद कर सकते हैं।बर्फ लगाने से चेहरे पर होने वाले दाने ठीक हो जाते हैं और उनका लालपन भी कम हो जाता है। यह अतिरिक्त सीबम उत्पादन को भी कम करती है, जो मुंहासे पैदा करने का एक प्रमुख कारण है।आप गर्मियों में मुंहासों से बचने के लिए ये असरदार टिप्स अपना सकती हैं।त्वचा में आता

है निखार

हिलायें अपनी त्वचा को निखरा हुआ बनाने के लिए कई तरह के महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, इसके घरेलु नुस्खे के तौर पर आप चेहरे पर बर्फ लगा सकती हैं।चेहरे पर बर्फ लगाने से आपकी त्वचा में रक्त संचार बेहतर होता है और त्वचा चमकदार दिखती है।यह त्वचा में ऑक्सीजन के स्तर में भी सुधार करती है और आवश्यक पोषक तत्वों व विटामिन की मात्रा को बढ़ाती है।आखों की सूजन

होती है कम

आंखों के सूजने के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें नींद की कमी और आखों पर पड़ने वाला तनाव शामिल हैं।बर्फ में सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं, जो आखों में होने वाली सूजन को प्राकृतिक रूप से कम कर सकते हैं।अपनी आखों पर बर्फ लगाएं और उसे कुछ देर तक घुमाते रहें। बेहतर और जल्द परिणाम पाने के लिए आप अपने आइस क्यूब में थोड़ी सी ब्लैक कॉफी मिला सकती हैं।काले घेरों से मिलता है

निजात

अधिक समय तक जागने और मोबाईल या लैपटॉप पर काम करने से आखों के नीचे काले घेरे हो जाते हैं। आंखों के नीचे बर्फ के टुकड़े लगाना इन्हें दूर करने का सबसे अच्छा उपाय हो सकता है।आप थोड़ा सा गुलाब जल उबालकर उसमें खीरे का रस मिला सकते हैं। इस मिश्रण को जमा दें और फिर बर्फ के टुकड़े को अपनी आंखों पर लगाएं।हालांकि, इस नुस्खे के परिणाम दिखने में कुछ समय लग सकता है।बुढ़ापे के लक्षण होते हैं दूरबढ़ती उम्र और त्वचा में होने

# गर्मी के दौरान ज्यादा देर तक एक्सरसाइज करने से करें परहेज, हो सकते हैं ये नुकसान

नियमित रूप से एक्सरसाइज करने से शरीर को स्वस्थ और वजन को संतुलित रखने में मदद मिलती है।हालांकि, गर्मी के मौसम में ज्यादा देर तक एक्सरसाइज करना नुकसानदेह साबित हो सकता है।वजन घटाने का प्रयास कर रहे लोग अधिक कसरत करके जल्दी पतले होना चाहते हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा करने के फायदों से ज्यादा नुकसान हो सकते हैं।आइए जानते हैं गर्मी के मौसम में अधिक एक्सरसाइज करने से होने वाली 5 हानियां।

डिहाइड्रेशन

इस चिलचिलाती गर्मी में अधिक पसीना आने से शरीर के तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स हानिकारक रूप से कम हो सकते हैं।इसके कारण आपको डिहाइड्रेशन की समस्या से जूझना पड़ सकता है।इस समस्या से निपटने के लिए एक्सरसाइज करने से पहले, उसके दौरान और बाद में खूब सारा पानी पीएं।पसीने के माध्यम से खोए गए इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से पाने के लिए स्पोर्ट्स ड्रिंक का भी सेवन किया जा सकता है।

गर्मी की थकावट

ज्यादा देर तक एक्सरसाइज करने से आप लंबे समय तक गर्म तापमान के संपर्क में रहते हैं। इससे आपको गर्मी की थकावट या गर्मी का तनाव हो सकता है।सुनिश्चित करें कि आप दिन के ठंडे समय यानि शाम के वक्त या सुबह व्यायाम करें।इसके अलावा आरामदायक फैब्रिक वाले कपडे पहनें और एक्सरसाइज करने के बीच कुछ ब्रेक भी लें।गर्मी के तनाव के कारण ही सबसे ज्यादा मौसम संबंधी मौतें होती हैं।

लू लगना

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति है, जो लंबे समय तक उच्च तापमान के संपर्क में रहने से होती है। यह परेशानी अधिक समय तक कसरत या व्यायाम करने से भी पैदा हो सकती है।भीषण गर्मी में आपको लंबे समय तक एक्सरसाइज करने से बचना चाहिए।इस मौसम में अच्छी तरह हाइड्रेटेड रहें और अपने शरीर के चेतावनी संकेतों को नजरअंदाज न करें।चक्कर, बेहोशी या दस्त जैसे लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।



मांसपेशियों में ऐंठन

गर्मी के मौसम में मांसपेशियों पर अधिक तनाव डालने से दर्दनाक ऐंठन हो सकती है। यह परेशानी अक्सर डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट्स की हानि के कारण होती है।ऐसे में अधिक मात्रा में पानी पीएं और व्यायाम से पहले और बाद में स्ट्रेचिंग करें। इसके अलावा, अपनी डाइट में स्वस्थ पेय पदार्थों को जोड़कर इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखें।आप शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर इन पेय का सेवन कर सकते हैं।

चोट लगने का खतरा

उच्च तापमान के कारण आपको जल्दी थकान हो सकती है, जो आपके समन्वय को प्रभावित कर सकती है।इससे मोच, खिंचाव और गिरने जैसी चोटों का खतरा बढ़ सकता है।आप एक्सरसाइज करने के दौरान अपने शरीर को उसकी छमता से अधिक तनाव न दें।साथ ही यह सुनिश्चित करें कि आप सही तरीके से एक्सरसाइज कर रहे हों और रिकवरी के लिए हफ्ते में कुछ दिनों का ब्रेक भी ले रहे हों।

# कल्कि 2898 एडी के सामने आया दीपिका पादुकोण का नया लुक, छोटे-बिखरे बाल, बारिश में भीगती हुई दिखीं बेहाल...

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी साइंस-फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी लंबे सम से चर्चा में है। प्रभास स्टारर इस मूवी का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों फिल्म से अमिताभ बच्चन और प्रभास का नया लुक देखने को मिला जो काफी दमदार था।स्टार्स के ये लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और एक्साइटेड हो गए। वहीं अभी फैंस की ये एक्साइटमेंट खत्म भी नहीं हुई थी कि अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से दीपिका पादुकोण का नया लुक सामने रिविल कर सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। इस लुक में दीपिका पादुकोण छोटे और बिखरे हुए बालों में नजर आ रही हैं। दीपिका किसी खुली जगह पर बारिश में खड़ी एक टक किसी चीज को निहारती हुई दिख रही हैं।दीपिका पादुकोण का यह लुक काफी हैरानी वाला लग रहा है। बारिश में भीगते हुए दीपिका पादुकोण इस नए लुक में काफी खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका पादुकोण के ये लुक फैंस को काफी पंसद आ रहा है। फैंस उनके इस पोस्ट पर कॉमेंट कर उके लुक की तारीफ कर फिल्म के लिए अपनी एक्साइटमेंट दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है- आशा उससे शुरू होती है। बता दें कि कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर कल यानी कि10 जून को रिलीज होगा। बता दें कि कल्कि 2898 एडी फिल्म 27 जून, 2024 को रिलीज होगी। फिल्म की कहानी को लेकर कहा जा रहा है कि ये कलयुग के विनाश पर बेस्ड होगी क्योंकि पुराणों के मुताबिक कलयुग में धर्म स्थापना करने



के लिए कल्कि नाम का अवतार जन्म लेगा और दुनिया में फैल रहे अधर्म का विनाश करेगा। इस फिल्म की चर्चा काफी समय से हो रही है क्योंकि इसमे साउथ और बॉलीवु के कई दिग्गज स्टार्स नजर आने वाले हैं। जिसमें दीपिका पादुकोण, कमल हासन, प्रभास, दिशा पाटनी के नाम शामिल हैं।

फिल्म में जहां अमिताभ बच्चन द्रोण के पुत्र अश्वत्थामा के किरदार में दिखेंगे, तो वहीं प्रभास फिल्म में भैरव की भूमिका निभाएंगे, जिसे कल्कि का बदला हुआ अहंकार माना जाता है। फैंस अब इस फिल्म को देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

# धनुष की 51वीं फिल्म कुबेर पर आया बड़ा अपडेट, एक्शन करते दिखेंगे धनुष और नागार्जुन!

रायन और कुबेर धनुष की वे फिल्में हैं, जिन्हें देखने के लिए दर्शक काफी उतावले नजर आ रहे हैं। रायन दो वजह से खास है। पहली वजह है- यह धनुष के करियर की 50वीं फिल्म है और दूसरी- यह बतौर निर्देशक धनुष की दूसरी फिल्म है। वहीं, कुबेर को लेकर भी धनुष के फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर है। इस फिल्म पर एक ताजा अपडेट भी सामने आया है।कुबेर की शूटिंग कई दिनों से जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ताजा जानकारी यह है कि इन दिनों इस फिल्म के एक्शन सीन की शूटिंग चल रही है। कहा जा रहा है कि इस सीन में धनुष और नागार्जुन दोनों नजर आने वाले हैं। एक चर्चा यह भी है कि इस फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभा रहे हैं।इस फिल्म का निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। फिल्म में ध ानुष और नागार्जुन के अलावा रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ



भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस द्वारा किया जा रहा है। कुबेर का संगीत देवी श्री प्रसाद ने तैयार किया है। बता दें कि निर्देशक शेखर कम्मुला और ध ानुष कुबेर के जरिए पहली बार साथ में काम कर रहे हैं। इस फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म रायन की बात करें तो इसे 13 जून, 2024 को रिलीज किया जाना था, लेकिन फिर खबर आई कि रिलीज की तारीख पीछे खिसका दी गई है। कहा जा रहा है कि रायन को जुलाई या फिर अगस्त में रिलीज किया जा सकता है। बता दें कि फिल्म का एक गाना रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में धनुष के साथ-साथ संदीप किशन, कालिदास जयराम, एसजे सूर्या, सेल्वाराघवन, प्रकाश राज, अपर्णा बालमुरली, दुशारा विजयन और वरलक्ष्मी सरथकुमार भी काम कर रहे हैं।

# चंदू चैंपियन की एडवांस बुकिंग शुरू, बुर्ज खलीफा से कार्तिक आर्यन ने किया ऐलान

काफी समय से कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चौंपियन का इंतजार हो रहा था. अब फिल्म कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है और उससे पहले फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है. साजिद नाडियावाला ने फिल्म चंदू चौंपियन की एडवांस बुकिग का ऐलान बुर्ज खलीफा से करने के लिए उसे बुक करवा लिया था. एक्टर कार्तिक आर्यन, डायरेक्टर कबीर खान और प्रोड्यूसर साजिद नाडियावाला दुबई में स्थित बुर्ज खलीफा से फिल्म के एडवांस बुकिंग का ऐलान किया है.फिल्म चंदू चौंपियन का ट्रेलर कार्तिक के होमटाउन ग्वालियर में किया गया था. मेकर्स फिल्म के हर मोमेंट को खास बनाने के लिए काफी खर्चा कर रहे हैं. अब फिल्म अपने बजट के अलावा ये सभी खर्चे निकालते हुए सुपरहिट हो जाए, ऐसी ही उम्मीद मेकर्स को है.साजिद नाडियावाला की प्रोडक्शन कंपनी नाडियावालाग्रैंडसन के इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया गया है. इसके कैप्शन में लिखा गया, बुर्ज खलीफा से फिल्म की एडवांस बुकिंग को लेकर हमारा कैंपियन ऐसा है. एडवांस बुकिंग खुल गई है, अपनी टिकट अभी बुक करो. फिल्म चंदू चौंपियन 14 जून 2024 को थिएटर्स में रिलीज होगी.बुर्ज खलीफा पर हर किसी का ट्रेलर या कुछ रिलीज नहीं किया जाता है. कार्तिक के अलावा बुर्ज खलीफा पर जिसकी फिल्मों का सबसे ज्यादा ट्रेलर आया वो शाहरुख खान हैं. कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म चंदू चौंपियन के लिए काफी एक्साइटेड हैं और इन दिनों इसके प्रमोशन में काफी बिजी भी हैं. कार्तिक ने अपनी इस फिल्म के लिए काफी मेहनत की है. बता दें, कार्तिक आर्यन फिल्म चंदू चौंपियन के दौरान बता रहे हैं कि उन्होंने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है. वो मेहनत आप फिल्म के ट्रेलर में देख सकते हैं क्योंकि कार्तिक ने अपनी बॉडी पर काम किया है.अगर आपको भी फिल्म चंदू चौंपियन का इंतजार है तो फटाफट ऑनलाइन बुकिंग साइट पर जाकर फिल्म की टिकट बुक कर सकते हैं. फिल्म में कार्तिक आर्यन लीड रोल में नजर आएंगे इनके अलावा राजपाल यादव, विजय राज और पलक लालवानी जैसे कलाकार नजर आएंगे.



# गोविंदा ने लान्च किया अपना ओटीटी फिल्मी लट्टू

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा अपने जबरदस्त डांस के लिए पहचाने जाते हैं. फिल्मों में भी गोविंदा ने कमाल किया है और वो हर किसी के फेवरेट एक्टर रहे हैं. गोविंदा ने अपना एक ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसका हिंट वो कई दिनों से दे रहे थे. गोविंदा ने बताया है कि उनके ओटीटी पर सब्सक्रिप्शन का प्लान क्या है?एक्टर गोविंदा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें बताया है कि उनका ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च हो गया है. डाउनलोड करके फिल्में देखी जा सकती हैं. इसकी पूरी डिटेल्स गोविंदा ने डिटेल में दी है.

गोविंदा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें ओटीटी के बारे में जानकारी दी है. गोविंदा ने लिखा, प्रस्तुत कर रहा हूं मेरा ओटीटी ऐप फिल्म लट्टू. अभी डाउनलोड करें और देखिए मेरी फिल्म आ गया हीरो.

इस वीडियो में गोविंदा की फिल्म आ गया हीरो का टीजर शेयर किया गया है. वीडियो में दिखाया गया कि एंटरटेनमेंट का नंबर 1 ऐप जिसपर 149 रुपये पहले साल के लिए सब्सक्रिप्शन लिया जा सकता है. इस ऐप को आप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं और एप्पल स्टोर पर भी डाउनलोड किया जा सकता है.

बता दें, इस एप्लीकेशन पर



आपको वेब सीरीज, गोविंदा के एक्सक्लूसिव इंटरव्यू और पर्दे के पीछे के फुटेज जैसी कई चीजें देखने को मिलेंगी. एंटरटेनमेंट के इस ऐप पर आपको बहुत कुछ मिलने वाला है और इसके बारे में गोविंदा ने ही बताया है. अब इसमें क्या-क्या आपको मिलेगा ये आप जब इस ऐप को डाउनलोड करेंगे तब पता चलेगा.गोविंदा ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होंने लव 86, हत्या, राजा बाबू, शोला और शबनम, कूली नंबर 1, हीरो नंबर 1, आंटी नंबर 1, दुल्हे राजा, भागम भाग, स्वर्ग, खुद्दार, आग, हम, बनारसी बाबू जैसी बैक टू बैक सुपरहिट फिल्में दी हैं.

# बिग बास ओटीटी 3 में एंट्री लेंगी नुपूर सेनन ? एक्ट्रेस ने खुद बताया सच

बिग बॉस ओटीटी अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस बार अनिल कपूर शो को होस्ट करने वाले हैं. अनिल कपूर का ये शो 21 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर शुरू हो रहा है. बिग बॉस ओटीटी 3 को आप 24-7 देख सकते हैं. वहीं इस बार शो में जाने के लिए काफी सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं. ऐसी खबरें आई थीं कि कृति सेनन की बहन नुपुर रियलिटी शो में एंट्री करती नजर आएंगी.

हालांकि, अब नूपुर ने खुद ही इन अफवाहों पर रिएक्ट किया है. उन्होंने कहा कि, ये महज अफवाहें है और उन्हें ये भी नहीं पता कि इस सब की शुरुआत कहां से हुई. उन्होंने कुछ जिनमें कहा पिछले सीजन किया गया था कभी अपने बा भी नहीं सुनी


नूपुर से क्या वह रियि लेने के बारे उन्होंने कहा वि कि उनके पा समय है. इस



गई तो मेरे सारे टेलर और मास्टर जी जब मुझे काम पर लंबे समय तक नहीं देखेंगे तो रोने लग जाएंगे. वहीं कृति ने भी कहा कि उनकी बहन नुपुर के रियलिटी शो में हिस्सा लेने की अफवाह उन तक भी नहीं ऐसा महसूस होता है जैसे स्कूल वापस जाना, कुछ नया और मजेदार ट्राई करना. मैं बिग बॉस में उसी एनर्जी को 10 गुना ज्यादा लाने जा रहा हूं. मैं इसमें अपना स्वाद लाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता.

# थाई स्लिट स्कर्ट पहन हिना खान ने कराया बोल्ड फोटोशूट, कातिलाना अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर

टीवी एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका गॉर्जियस अंदाज देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हिना खान जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं।हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।हिना खान ने इस फोटोशूट के दौरान व्हाइट कलर की जैकेट और थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजार आ रही हैं।ओपन हेयर, हाई हील्स, कानों में इयररिंग्स और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस हिना खान ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें, एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपने रिएक्शंस देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने जमकर अपना प्यार बरसाया है। एक यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- लुकिंग किलर बेब। तीसरे यूजर ने लिखा है- सो ग्लैमरस। हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।



## मिस्टर एंड मिसेज माही की रफ्तार हुई धीमी, जाह्नवी-राजकुमार की फिल्म ने 9वें दिन कमाए 2.15 करोड़

जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज हुई थी. फिल्म को शानदार ओपनिंग मिली. जाह्नवी और राजकुमार राव की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया. हालांकि, अब फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है. फिल्म 8 दिनों में तकरीबन 25 करोड़ की



कमाई कर चुकी है. शरन शर्मा के निर्देशन में बनी मिस्टर एंड मिसेज माही ने बॉक्स ऑफिस पर 6.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। रिलीज के 8वें दिन इसने सबसे कम कमाई यानी सिर्फ 1.3 करोड़ रुपये का ही कारोबार किया था।हालांकि, 9वें दिन इसने 2.15 करोड़ का कलेक्शन लिया। इस तरह मिस्टर एंड मिसेज ने अब तक 9 दिन में देशभर में 27.90 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।यह फिल्म टिकट खिड़की पर बड़ी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ रही है।वहीं हाल ही में हॉरर कॉमेडी मुंज्या रिलीज हुई है

# अपने मामा संजयलीला भंसाली के साथ रामलीला मे शर्मिन सहगल ने क्यों नहीं किया काम, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



अभिनेत्री शर्मिन सहगल ने बताया कि उन्होंने राम-लीला में अपने चाचा-फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सहायता क्यों नहीं ली। लेकिन बाजीराव मस्तानी में उनके साथ काम किया।

अभिनेत्री शर्मिन सहगल ने बताया कि उन्होंने राम-लीला में अपने चाचा-फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली की सहायता क्यों नहीं ली। लेकिन बाजीराव मस्तानी में उनके साथ काम किया। न्यूज 18 से बात करते हुए, शर्मिन ने बताया कि उन्होंने जिस पहली फिल्म में सहायता की, वह मैरी कॉम थी, जो उनकी पहली नौकरी थी, उन्होंने आगे बताया कि उनकी पहली सैलरी ध्7,500 थी। शर्मिन ने कहा, ष्मैं राम-लीला में काम कर सकती थी, लेकिन मुझे लगा कि मैं उस समय संजय लीला भंसाली की सहायता करने के उस अवसर की हकदार नहीं थी। मैं बिल्कुल नई थी और मुझे फिल्म निर्माण के बारे में कुछ भी नहीं पता था। इसलिए, मैंने मैरी कॉम के सेट पर पीछे रहकर यह देखने के बारे में सोचा कि मैं क्या सीख सकती हूँ, क्या समझ सकती हूँ और क्या सीख सकती हूँ और फिर शायद मैं संजय सर की किसी चीज में सहायता कर सकूँ। शर्मिन ने बताया कि उन्होंने मैरी कॉम में सहायक भूमिका क्यों निभाईमैरी कॉम में काम करने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने बताया, ष्पहली फिल्म जिसमें मैंने उनकी सहायता की थी वह बाजीराव मस्तानी थी, लेकिन पहली फिल्म जिसमें मैंने उनकी सहायता की वह मैरी कॉम थी। और जब मैं मैरी कॉम पर काम कर रही थी, तब वह राम-लीला की शूटिंग कर रहे थे। मैंने उनसे कहा कि मैं फिल्मों में काम करना चाहती हूँ, लेकिन मुझे उनके बारे में कुछ नहीं पता। मैरी कॉम मेरी पहली नौकरी थी और इस पर काम करते हुए मुझे मेरी पहली सैलरी मिली। इसकी कीमत ध्7,500 थी। मैरी कॉम के बारे मेंमैरी कॉम (2014) बॉक्सर मैरी कॉम के जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स फिल्म है। इसे ओमंग कुमार ने निर्देशित किया था और वायकॉम18 मोशन पिक्चर्स और संजय लीला भंसाली ने इसे प्रोड्यूस किया था। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, दर्शन कुमार और सुनील थापा जैसे कलाकार थे।राम-लीला के बारे मेंराम-लीला (2013) संजय लीला भंसाली द्वारा लिखित और निर्देशित एक रोमांटिक त्रासदी है।

# नरेंद्र मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए अभिनेता विक्रान्त मैसी कहा- बीजेपी सरकार ने 10 साल अच्छा काम किया है

अभिनेता विक्रांत मैसी और फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार प्रध ाानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं को भी मंत्री बनाया जाएगा। इस उपलब्धि के साथ ही नरेंद्र मोदी (73) जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर लेंगे, जिन्होंने लगातार तीन बार भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। हालांकि उन्होंने केंद्र में सत्ता में पांच साल और जीते हैं, लेकिन यह पहली बार है जब वे लोकसभा में भाजपा के पूर्ण बहुमत खोने के बाद सत्ता साझा करेंगे।अभिनेता




विक्रांत मैसी और फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। अभिनेता विक्रांत मैसी ने कहा, ष्यह ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल है... मैं एनडीए सरकार के अगले 5 सालों का इंतजार कर रहा हूं। सरकार ने पिछले 10 सालों में काम किया है। मैंने बदलाव देखा है। भारत एक बड़ा देश है और बदलाव रातों-रात नहीं होता, इसके लिए समय चाहिए। कार्यक्रम में बॉलीवुड जगत के कई सारे लोग शामिल हुए हैं जिसमें से शाहरुख खान भी शामिल है।

## कंगना रानावत के बालीवुड के कट्टर दुश्मन कहे जाने वाले रितिक रोशन और आलिया भट् समेत कई सेलेब्स ने थप्पड़ कांड पर प्रतिक्रिया दी

अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत इस समय चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई थप्पड़ की घटना को लेकर चर्चा में हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान ब्ैथ् की महिला गार्ड ने कथित तौर पर अभिनेत्री को थप्पड़ मारा था। अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत इस समय चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई थप्पड़ की घटना को लेकर चर्चा में हैं। एयरपोर्ट पर सुरक्षा जांच के दौरान ब्ैथ् की महिला गार्ड ने कथित तौर पर अभिनेत्री को थप्पड़ मारा था। उस समय वह छक। की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली दिल्ली जा रही थीं। शबाना आजमी और अनुपम खेर समेत कई सेलेब्स ने कंगना रनौत पर हुए हमले की निंदा की। अब, इसके अलावा ऋतिक रोशन और आलिया भट्ट ने भी अभिनेत्री का पक्ष लिया है। एक पत्रकार ने इंस्टाग्राम पर थप्पड़ की घटना की निंदा करते हुए एक पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट को आलिया भट्ट, ऋतिक रोशन, जोया अख्तर, सोनाक्षी सिन्हा और अर्जुन कपूर समेत कई लोगों ने लाइक किया। बता दें कि आलिया भट्ट और कंगना रनौत के बीच पांच साल पहले झगड़ा हुआ था, जब कंगना ने रणवीर सिंह अभिनीत गली बॉय में आलिया के अभिनय की आलोचना की थी। आलिया भट्ट ने आलोचना को सकारात्मक रूप से लिया और उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की। ऋतिक रोशन और कंगना रनौत के बीच विवाद तब शुरू हुआ जब अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू में अपने मूर्खतापूर्ण एक्स का जिक्र किया, जिसके बाद दोनों के बीच सार्वजनिक विवाद हुआ, जिसमें दावों का विरोध और कई बार कानूनी नोटिस का आदान-प्रदान शामिल था। कंगना ने वीडियो पोस्ट किया और खुलासा किया ।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां




ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। रविवार को शहर के सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर पटाखे जलाए और मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अजय शाही ने कहा कि देश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर पुनः भरोसा जताया है और सबसे बड़ी पार्टी के रूप में एनडीए की सरकार बनी पिछले 10 साल के कार्यकाल के आधार पर नरेंद्र मोदी को जनता ने अपना नेता चुना है तथा इस अमृत काल में एक नए भारत और विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए नरेंद्र मोदी को दायित्व सौंपा है, भाजपा की सरकार ने सबके साथ से सबके विकास की संकल्पना को पूरा किया है और इसी का नतीजा है कि आज तीसरी बार एनडीए की मजबूत और स्थिर सरकार बनी है इस अवसर पर देवरिया सहित पूरे देश में उल्लास का माहौल है अगले 5 सालों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत वैश्विक पटल पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम अग्रवाल, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, भारती शर्मा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, संजू सोनी, अंकुर राय, अखिलेश त्रिपाठी, अखिलेश जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, अटल, अमन वर्मा, श्रीवास्तव, राजेश दुबे, शुशील सिंह, अरुण मिश्रा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# जिला सेवायोजन कार्यालय जीद्व आईटीआई कैम्पस देवरिया में 12, 15, 21 एवं 27 जून को आयोजित किया जाएगा रोजगार मेला

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। सोमवार को जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया को प्रत्येक विधान सभा में एक खण्ड विकास कार्यालय परिसर पर एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जला सेवायोजन कार्यालय जी० आई०टी०आई० कैम्पस देवरिया में 12, 15, 21 एवं 27 जून को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमे विभिन्न रोजगार कम्पनियों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय देवरिया परिसर में प्रतिभाग किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को उन्होंने अवगत कराया है कि वे विभिन्न कम्पनियो ध् पदों के लिए आवेदन करने के लिए सेवायोजन पोर्टलध्एन० सी०एस०पोर्टल ध् रोजगार संगम पर आवेदन कर रोजगार मेला में प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रोजगार मेला पूर्णत निःशुल्क है।

# सदर सांसद आज करेंगे लोकसभा विजय धन्यवाद यात्रा

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। देवरिया लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद शशांक मणि आज 11 जून को फाजिल नगर और तमकुहीराज विधानसभा के विभिन्न गांवों का लोकसभा विजय धन्यवाद यात्रा के तहत भ्रमण करेंगे और क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त करेंगे । उक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी के माध्यम से देते हुए बताया कि श्री मणि सुबह अपने निज आवास बरपार से 9 बजे फाजिलनगर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा गुरवलिया, दुदही बाजार, गौरी श्री राम, सेवरही मार्केट, पिपरा घाट जीरो बंधा, गौरहा बाजार, सिसवा नाहर, भुलिया, तमकुही राज, बगही, पटहेरिया चौराहा, फाजिलनगर, होते हुए शाम 6 बजे चौरा बाजार में क्षेत्र की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करेंगे उसके बाद अपने निज आवास बरपार में रात्रि विश्राम करने के पश्चात पुनः 12 जून को देवरिया, रामपुर कारखाना और पथरदेवा विधानसभा के विभिन्न गांवों का भ्रमण करेंगे । यात्रा के दौरान उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण भी मौजूद रहेंगे ।

# नौ वर्षीय रुद्र सिंह ने 18 मिनट में तैरकर पार की यमुना नदी

प्रयागराज (आरएनएस)। नवजीवन तैराकी क्लब के तत्वावधान में तैराकी के मुख्य प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद, कमला निषाद, मानस निषाद आदि के नेतृत्व में तैराकी का प्रशिक्षण चल रहा है। इसी क्रम में रविवार को 8 वर्षीय रूद्र सिंह पुत्र विवेक सिंह ने मां शिल्पी वर्मा निवासी लूकरगंज प्रयागराज, ने प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद के साथ प्रातः 6रू20 बजे बरगद घाट मीरापुर से चलकर सिंधु सागर घाट ककरहा घाट से 6रू25 मिनट पर तैराकी प्रारंभ किया और दूसरी छोर विद्यापीठ स्कूल महेवा की ओर रुद्र कपूर ने 6रू43 पर दूसरी छोर पर पहुंचकर लोगों को आश्चर्य चकित किया। इस दौरान बच्चों के परिवार के अन्य सदस्य नाव द्वारा साथ–साथ चले। लोगों ने तालियां बजाकर रुद्र का उत्साहवर्धन किया। नाव पर बैठे परिवार के लोगों व दर्शकों ने गंगा मैया की जयकारे लगाये। सोमवार को 10 वर्षीय बालिका सागरी अग्रवाल निवासी चौक यमुना नदी को तैरकर पार करेगी।

# सोनिया गांधी के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कांग्रेसियो में खुशी

प्रयागराज (आरएनएस)। शहर एवं जिला के प्रमुख कांग्रेसजनों ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सांसद सोनिया गांधी के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर खुशी जाहिर की है। इस बावत कार्यकर्ताओं की एक बैठक यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में अपराह लाजपतराय रोड पर हई।बैठक में उनको असरदार और मजबूत शख्सियत बताते कहा गया कि उनके ईमानदार, गतिशील और बेमिसाल नेतृत्व में पार्टी दस सालों न केवल सत्ता में रही बल्कि 16 राज्यों में भी सत्तारूढ़ रही। सोनिया गांधी की सराहना करते कहा कि उन्होंने दो बार प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद को ठुकरा कर दुनिया के सामने त्याग की मिसाल कायम की। श्रीमती सोनिया के मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे के विरूद्ध एकजुट होने के आवाहन का भी स्वागत किया गया। यूपीसीसी सदस्य द्वय फुजैल हाशमी एवं हरिकेश त्रिपाठी, डा.सत्या पांडेय, परवेज सिद्दीकी, अजय श्रीवास्तव, अरशद अली, विनय पांडेय, सरताज मोहम्मद, अनिल श्रीवास्तव, मो.जावेद, केशव पासी, अरूण चौरसिया, राजेंद्र जायसवाल आदि थे।

# सपा समर्थन से जीते ब्लॉक प्रमुख पुनः विश्वास मत हासिल करें- रेवती रमण

प्रयागराज (आरएनएस)। पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से जमुनापार के विभिन्न ब्लाकों से प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मिलने के लिए आये, उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की शानदार जीत की बधाई दी और अधिकतर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने प्रमुख के खिलाफ अविश्वास व्यक्त करते हुए धांधली अनियमितता पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि आप के निर्देशन में हम लोगों ने भाजपा सरकार के विपरीत जाकर समाजवादी पार्टी के ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर उन्हें विजयी बनाया लेकिन प्रमुख लोग मौकापरस्त निकले। सपा के टिकट से जीतने के बाद निजी स्वार्थवश भाजपा ज्वाइन कर लिया और जिन्होंने इनकों वोट देकर जिताऐ हैं उनको दरकिनार कर अपने चहेतों को काम दे रहे हैं।सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि नैतिकता के आधार पर सपा के टिकट से ब्लाक प्रमुख बनें सभी को इस्तीफा दे देना चाहिए यदि ये इस्तीफा नहीं देते हैं तो आप लोग ऐसे सभी ब्लाक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाये मैं उसका समर्थन करूंगा।

# अलग अलग घटनाओं में एक युवती सहित तीन ने दी जान

प्रयागराज (आरएनएस)। बीते 24 घंटे में प्रयागराज के अलग–अलग थाना क्षेत्र में तीन लोगों ने अपनी जान दे दी। धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दी तो वही खुल्दाबाद और धूमनगंज थाना क्षेत्र में दो युवकों ने फांसी लगाकर जान दे दी।धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने ट्रेन से कट कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के गयासुद्दीनपुर निवासी राजेश कुमार की पत्नी 7 तारीख की शाम किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गयी। लोगों ने ढूंढा लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका तभी संगीता ने कोटवा के पास ट्रेन के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। परिवार ढूंढते हुए आज सुबह जब इसकी सूचना देने थाने पहुंचे तो पता चला कि एक महिला ने ट्रेन के आगे कूद कर अपनी जान दी है। जिसका शव पोस्टमार्टम हाउस में रखा है। परिजन पहचान करने के लिए पोस्टमार्टम हाउस आए तो वह शव संगीता की थी। संगीता ने आत्महत्या क्यों की घर वाले कुछ बताने से बचते रहे। जबकि संगीता की दो पुत्री और पुत्र का रो रो कर बुरा हाल है।दूसरी घटना में खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक ने आत्महत्या क्यों की कारण का पता नहीं चला, पुलिस को मौके से कोई भी सोसाइट नोट नहीं मिला है। खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के कर्बला निवासी राकेश कुमार बैंक में फाइनेंस डिपार्टमेंट में काम करते हैं। उनका इकलौता पुत्र राहुल पीएनबी बैंक में काम करता था। कल रात खाना खाने के बाद राहुल कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह उसे जगाने के लिए बहन जाकर दरवाजा खटखटाया तो देखा कि राहुल दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रहा था। बेटी की चीख सुनकर मां सुनीता कमरे की तरफ भागी तो देखा कि राहुल ने आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राहुल की मौत के बाद परिवार का रो रो का बुरा हाल है।एक अन्य घटना में धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। न्याय नगर कन्हईपुर निवासी राम सिंह चौहान के दो पुत्र और तीन पुत्रीय है राम सिंह का बड़ा बेटा बबलू चौहान मुंडेरा में बक्से का कारोबार करता था। कल रात दुकान से घर आने के बाद बिना खाना खाए वह कमरे में चला गया। खाना ना खाने पर छोटी बहन बबलू को बुलाने के लिए कमरे पर गई तो देखा कि दरवाजा अंदर से बन्द था।आवाज लगाने पर भी बबलू ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा पीटने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने अनहोनी की आशंका में दरवाजा को तोड़ा तो देखा कि बबलू ने गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बबलू ने आत्महत्या क्यों की करण का पता नहीं चल सका। फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन का कहना है कि कुछ दिनों से बबलू किसी बात को लेकर मानसिक रूप से तनाव में रहता था।

# शान ए उत्तर प्रदेश का आयोजन 15 जून को

प्रयागराज (आरएनएस)। कशिश मीडिया अपनें प्रकाशन के सफलता पूर्वक 17 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पत्रकारों को समर्पित कार्यक्रम शान ए उत्तर प्रदेश का आयोजन 15 जून को जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में 12 बजे दिन में रखा गया है। जिसमें देश व प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार भी शामिल होगें। पत्रकार मिलन के इस कार्यक्रम में पत्रकारों कि समस्या और सुरक्षा पर विशेष परिचर्चा भी होगा। साथ ही साहित्यिक, साँस्कृतिक, सामाजिक, चिकित्सा, शिक्षा व उर्दू के साथ साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को शान ए उत्तर प्रदेश सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम से सम्बन्धित जानकारी के लिए 9454973605 पर सम्पर्क किया जा सकता है

# एक साल से ज्यादा नहीं चलेगी मोदी सरकार– संजय सिंह

## कहा- अहंकार तो रावण का भी नहीं बचा

प्रयागराज। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। यहां सर्किट हाउस में आज पत्रकार वार्ता में श्री सिंह ने कहा कि यह जो सरकार बनने जा रही है, इसकी आयु छह महीने से लेकर एक साल की है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलेगी। राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए अयोध्या की हार की वजह बता दी। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने प्रभु श्रीराम का अपमान किया, इसिलए वहां की जनता ने भाजपा को नकार दिया। अयोध्या में एक दलित सांसद निर्वाचित होना भाजपा को बर्दाश्त नहीं है इसलिए भाजपाई अयोध्या के चुनावी परिणाम पर वहां की जनता को गाली दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने सभी जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग किया, मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा, इसलिए जनादेश उनके खिलाफ आया। संजय सिंह ने यह भी कहा कि मोदी स्वयं को अवतारी पुरुष कहलाना पसंद करते हैं यह अहंकार है, अहंकार तो रावण का भी नहीं बचा।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों पर संजय सिंह ने जुल्म ज्यादती का आरोप लगाया। कहा कि योगी सरकार ने 1000 से अधिक छात्रों पर मुकदमा लिखाया, सात छात्रों पर गुंडा एक्ट लगाकर उन्हें जिला छोड़ने का फरमान पुलिस ने दिया है, पूछा कि क्या छात्र यहां गुंडे हैं?सरकार पर ये आरोप भी लगाए परीक्षाओं के पेपर लीक, नीट परीक्षा में बड़ी घपलेबाजी का सरकार पर सीधा आरोप लगाया। कहा कि आम आदमी पार्टी 11 जून को उत्तर प्रदेश में बड़ा जनांदोलन करेगी। कहा कि आज देश का नौजवान पेपर लीक का मारा हो गया है। पेपर लीक से डेढ़ साल में देश मे डेढ़ करोड़ युवाओं का जीवन बर्बाद हैं जिनमें 60 लाख तो केवल उत्तर प्रदेश से हैं। कहा कि लोकसभा का स्पीकर भाजपा का बना तो तीन खतरे होंगे। मोदी सरकार छोटे छोटे दलों के सांसदों को तोड़ लेगी। मनमानी करते हुए अनाप शनाप बिल पास कराए जाएंगे और सांसदों का मनमानी तरीके से निलंबन होगा।

# एक साल से ज्यादा नहीं चलेगी मोदी सरकार– संजय सिंह

## कहा- अहंकार तो रावण का भी नहीं बचा

प्रयागराज(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को दावा किया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार एक साल के भीतर गिर जाएगी। यहां सर्किट हाउस में आज पत्रकार वार्ता में श्री सिंह ने कहा कि यह जो सरकार बनने जा रही है, इसकी आयु छह महीने से लेकर एक साल की है। इससे ज्यादा यह सरकार नहीं चलेगी। राजग की एक सरकार 13 दिन चली, एक 13 महीने चली और मौजूदा सरकार छह महीने से लेकर एक साल के अंदर गिर जाएगी।

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए अयोध्या की हार की वजह बता दी। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने प्रभु श्रीराम का अपमान किया, इसिलए वहां की जनता ने भाजपा को नकार दिया। अयोध्या में एक दलित सांसद निर्वाचित होना भाजपा को बर्दाश्त नहीं है इसलिए भाजपाई अयोध्या के चुनावी परिणाम पर वहां की जनता को गाली दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने सभी जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग किया, मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा, इसलिए जनादेश उनके खिलाफ आया। संजय सिंह ने यह भी कहा कि मोदी स्वयं को अवतारी पुरुष कहलाना पसंद करते हैं यह अहंकार है, अहंकार तो रावण का भी नहीं बचा।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों पर संजय सिंह ने जुल्म ज्यादती का आरोप लगाया। कहा कि योगी सरकार ने 1000 से अधिक छात्रों पर मुकदमा लिखाया, सात छात्रों पर गुंडा एक्ट लगाकर उन्हें जिला छोड़ने का फरमान पुलिस ने दिया है, पूछा कि क्या छात्र यहां गुंडे हैं?

सरकार पर ये आरोप भी लगाए

परीक्षाओं के पेपर लीक, नीट परीक्षा में बड़ी घपलेबाजी का सरकार पर सीधा आरोप लगाया। कहा कि आम आदमी पार्टी 11 जून को उत्तर प्रदेश में बड़ा जनांदोलन करेगी। कहा कि आज देश का नौजवान पेपर लीक का मारा हो गया है। पेपर लीक से डेढ़ साल में देश मे डेढ़ करोड़ युवाओं का जीवन बर्बाद हैं जिनमें 60 लाख तो केवल उत्तर प्रदेश से हैं।

कहा कि लोकसभा का स्पीकर भाजपा का बना तो तीन खतरे होंगे। मोदी सरकार छोटे छोटे दलों के सांसदों को तोड़ लेगी। मनमानी करते हुए अनाप शनाप बिल पास कराए जाएंगे और सांसदों का मनमानी तरीके से निलंबन होगा।

# प्रयागराज में खादी ग्रामोद्योग ने कार्यक्रम का चार सौ फीसदी लक्ष्य किया हासिल

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रधानमंत्री सृजन रोजगार कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश में इससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को रोजगार हासिल हो रहा है । इसमें खादी ग्रामोद्योग ने प्रयागराज जनपद में वित्तीय वर्ष 2023–24 में चार सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल किया है। इसके सहयोग से स्थापित होने वाली इकाइयों से स्थानीय लोगों को अतिरिक्त प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिला है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से गैर–कृषि क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना में सहायता देकर बेरोजगार युवाओं के लिये रोजगार के अवसर पैदा किए जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने इसे दृढ़ता से लागू किया है जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रयागराज के जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह बताते हैं कि जनपद में वित्तीय वर्ष 2023–24 में 70 इकाइयों की स्थापना हेतु वित्तीय मदद का लक्ष्य रखा गया था इसके सापेक्ष चार सौ फीसदी लक्ष्य हासिल किया गया है। जिले में 225 इकाईयों की स्थापना के लिए खादी ग्रामोद्योग विभाग की तरफ से मदद दी गई है। बैंक द्वारा इन सभी लाभार्थियों को ध्1491 लाख की ऋण धन राशि स्वीकृत की गई है। जबकि ध्1250 लाख की ऋण राशि इन्हें प्रदान की जा चुकी है। आचार संहिता लागू होने की वजह से अभी वित्तीय वर्ष 2024–25 का लक्ष्य निर्धारित नहीं हुआ है। लक्ष्य तय होने के साथ ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। लगातार बढ़ रहा है रोजगार सृजन का दायराडबल इंजन सरकार की रोजगार सृजन की प्राथमिकता से रोजगार सृजन कार्यक्रम में दी जा रही वित्तीय मदद का दायरा बढ़ता जा रहा है। विभाग की तरफ से इकाइयों की स्थापना से एक तरफ जहां इससे सीधे लाभ पाने इकाई स्थापकों को प्रत्यक्ष रोजगार हासिल हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ इससे हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिल रहा है। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह के मुताबिक जिले में वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 11 हजार से अधिक लोगों को काम मिला है। उनकी आय में बढ़ोत्तरी हुई है।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी का कहना है कि वित्तीय वर्ष–2023–24 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में स्थापित निरन्तर उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयोंध्उद्यमियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

# एक दूजे के हुए 11 जोड़े वर-वधु धूम से मना चौरसिया महा सम्मेलन

प्रयागराज (आरएनएस)। रविवार को चौरसिया समाज सेवा ट्रस्ट और अखिल भारतीय चौरसिया युवा महासभा के बैनर तले आयोजित चौरसिया महासम्मेलन में विभिन्न राज्यों से चौरसिया समाज के पदाधिकारियों ने शिरकत की। श्री कटरा रामलीला कमेटी मैदान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नीतीश चौरसिया, उद्घाटनकर्ता कैलाश चौरसिया पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि स्वामी कल्याणी नंद गिरी छोटी चौरसिया गुरु महामण्डलेश्वर किन्नर अखाड़ा प्रयागराज एवं मुख्य अतिथि प्रदीप चौरसिया अध्यक्ष अखिल भारतीय चौरसिया महासभा आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। चौरसिया समाज सेवा ट्रस्ट प्रयागराज के महासचिव विकास चौरसिया ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के ऐसे बंधु जिसकी आर्थिक स्थिति बहुत ही नाजुक है, वह अपने बच्चों का शादी–विवाह करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं, वैसे समाज के बंधुओं को सारी व्यवस्था के साथ वर–वधु का शादी–विवाह कराकर उन्हें समाज में मान–सम्मान व प्रतिष्ठा दिलाना है। इस बार सामूहिक विवाह के माध्यम से कुल ग्यारह जोड़ी वर–वधु का सम्मान पूर्वक शादी कराई जा रही है। साथ ही निःशुल्क नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें जरूरतमंद लोगों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ लिया। चौरसिया समाज सेवा ट्रस्ट के महामंत्री विकास कुमार चौरसिया व कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रयागराज में हमारे समाज के तरफ से हर वर्ष ऐसे पुनीत कार्य संपन्न होता रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा चौरसिया समाज सेवा ट्रस्ट प्रयागराज के सम्मानित पदाधिकारी, अध्यक्ष अनिल चौरसिया, उपाध्यक्ष अनिलेश चौरसिया, गोपालजी, झप्पू चौरसिया, बृजेश, दिनेश, महासचिव विकास चौरसिया, कोषाध्यक्ष दिलीप चौरसिया, सचिव अजय, दीपक, प्रवीण, सन्नी, योगेश, विजय चौरसिया, सह कोषाध्यक्ष प्रशांत चौरसिया, मीडिया प्रभारी ज्योति प्रकाश चौरसिया, विधिक सलाहकार एडवोकेट अरुण चौरसिया, एडवोकेट सौरव चौरसिया, कार्यकारी सदस्य जितेनद्र एवं हर्ष चौरसिया आदि शामिल रहे।

# बीएड प्रवेश परीक्षा में उमड़ी परीक्षार्थियों की भीड़

प्रयागराज (आरएनएस)। रविवार को भीषण गर्मी के बीच प्रयागराज में बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित हुई जिसमें भारी तादात में परीक्षार्थी शामिल हुए। दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा के तहत सुबह पहली पाली में परीक्षा केंद्रों पर पहुंच परीक्षार्थियों ने परीक्षाएं दीं तो वहीं दूसरी पाली में भी परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्रों पर भीड़ देखने को मिली। परीक्षा को लेकर काफी कुछ बंदोबस्त किये गये थे। परीक्षा के दृष्टिगत प्रयागराज में 36 परीक्षा केंद्र बनाये गये। इस बार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की ओर से उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ में होने वाली परीक्षा के लिए प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) राज्य विश्वविद्यालय को नोडल सेंटर बनाया गया। यहां राजकीय इंटर कॉलेज एवं एडेड तथा राजकीय डिग्री कॉलेज व एडेड महाविद्यालयों को केंद्र बनाया गया है।

# मधुमेह से बचाव के बताये तरीके कई आसनों का कराया अभ्यास

प्रयागराज (आरएनएस)। रविवार को भारतीय योग संस्थान प्रयागराज द्वारा आयोजित पंच दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत सर्वेश पाण्डेय जिला मंत्री द्वारा किया गया। इस दौरान गहरा लंबा स्वास ध् ध्वनि, सूक्ष्म व्यायाम राजेश जायसवाल, सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश पूर्वी, हस्तोथनासन, पादहस्तासन डॉ. रेखा श्रीवास्तव, अर्धमत्स्येंद्र आसन, उष्ट्रासन किरन तिवारी केंद्र प्रमुख आजाद पार्क महिला द्वारा कराया गया। हास्य आसन उमेश प्रकाश सिंह तथा रमेश अग्रहरि, शिथिलासन दाएं और बाएं तथा लुढ़कना सर्प आसन लक्ष्मी मिश्रा, झूलना लुढ़कना आसन, मर्कट आसन की तीसरी स्थिति विनोद सचदेवा क्षेत्रीय मंत्री द्वारा कराया गया। इसके अलावा नेत्र सुरक्षा क्रियाएं उषा साहू, उज्जायी प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम भारतीय योग संस्थान आजाद पार्क के संस्थापक आरपी राय द्वारा कराते हुए मधुमेह रोग के उपचार में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मधुमेह रोगी के लिए भोजन के विषय में राजेश जायसवाल सदस्य प्रांतीय कार्यकारिणी उत्तर प्रदेश पूर्वी द्वारा बताया गया कि प्रातः उठते ही एक दो गिलास गुनगुना पानी पिएं, गर्मी के मौसम में ताजे पानी का सेवन किया जा सकता है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।